पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम

# पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नोत्तर-बैंक

## प्रश्न – बैंक जनवरी 2021 श्रेणी – नौवीं विषय – हिंदी

## पाठ - 17 कैसे बचें उपभोक्ता धोखाधड़ी से

• निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न 1 :- उपभोक्ता के अधिकारों के संरक्षण के लिए सरकार ने 1986 में कौन-सा कानून लागू किया ?

( क ) जागो ग्राहक जागो ( ख ) उपभोक्ता संरक्षण कानून

( ग ) स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठन ( घ ) द स्टैंडर्ड ऑफ वेट एण्ड मेजर्स

उत्तर :- ( ख ) उपभोक्ता संरक्षण कानून

प्रश्न 2 :- उपभोक्ता को अपने अधिकारों के हनन की शिकायत कितने वर्षों के भीतर करनी चाहिए ?

( क ) तीन वर्ष ( ख ) दो वर्ष ( ग ) एक वर्ष ( घ ) आठ वर्ष

उत्तर :- ( क ) दो वर्ष।

• निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन - चार पंक्तियों में दीजिए :-

प्रश्न 1 :- उत्पादक किस तरह ग्राहकों को प्रभावित करते हैं ?

उत्तर :- उत्पादक लुभावने विज्ञापनों के द्वारा ग्राहकों को प्रभावित करते हैं।

प्रश्न 2 :- उपभोक्ता किसे कहते हैं ?

उत्तर :- हर एक व्यक्ति जो किसी वस्तु या सेवा को पाने के बदले धन का भुगतान करता है, वह उपभोक्ता कहलाता है।

प्रश्न 3 :- उपभोक्ता अपनी शिकायत ऑनलाइन किस तरह दर्ज करवा सकता है ?

उत्तर :- उपभोक्ता इंटरननैट के ज़रिए वेबसाइट www.core.nic.in पर लॉग इन करके कोर सैंटर में शिकायत दर्ज करवाकर अपनी कंप्लेंट रजिस्टर कर सकता है और शिकायत दर्ज होने के बाद ऑनलाइन ही उसे शिकायत क्रमांक प्राप्त हो जाता है।

• निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच - छः पंक्तियों में दीजिए :-

1 :- उपभोक्ता को सामान खरीदते समय किन - किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?

उत्तर :- उपभोक्ता को सचेत रहकर कोई भी सामान खरीदते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिए :-

( क ) उपभोक्ता केवल वही सामान खरीदे जिस पर एगमार्क का लोगो हो।

( ख ) उत्पाद खरीदते समय उत्पाद पर बैच नंबर या लौट नंबर भी अवश्य जाँच लेना चाहिए।

( ग ) पैंकिग की तारीख, उत्पाद का वज़न, किस तारीख से पहले प्रयोग उचित रहेगा, इन बातों को अवश्य देख लिया जाए। इसके अलावा उत्पादक का नाम व पता भी देख लिया जाए।

( घ ) वैट बचाने के चक्कर में बिल को अनदेखा न करें। कोई भी उत्पाद खरीदते समय उसका बिल अवश्य लिया जाए।

( ङ ) उत्पाद लुभावने विज्ञापन से प्रभावित होकर न लिया जाए, अपितु उसकी गुणवत्ता परख ली जाए।

( च ) उत्पाद खरीदते समय ध्यान रखें कि पैकेट खुले या फटे न हों।

( छ ) उत्पाद के साथ मिलने वाले गारंटी/ वारंटी कार्ड पर दुकानदार के हस्ताक्षर अवश्य करवा लें।

*******************

# हिंदी व्याकरण

## पाठ - 13 अनुवाद

* निम्नलिखित पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए :

1.ਪੰਜਾਬ ਯੂਨਵਰਸਿਟੀ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿੱਚ ਹੈ।

पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में है।

2. ਦੀਵਾਲੀ ਕੱਤਕ ਦੀ ਮੱਸਿਆ ਦੀ ਰਾਤ ਨੂੰ ਮਨਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ।

दीपावली कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है।

3. ਇਤਿਹਾਸਿਕ ਸਥਾਨਾਂ ਦੀ ਯਾਤਰਾ ਨਾਲ ਸਾਡੇ ਗਿਆਨ ਵਿੱਚ ਵਾਧਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ।

ऐतिहासिक स्थानों की यात्रा से हमारे ज्ञान में वृद्धि होती है।

4. ਛੱਬੀ ਜਨਵਰੀ ਅਤੇ ਪੰਦਰਾਂ ਅਗਸਤ ਸਾਡੇ ਕੌਮੀ ਤਿਉਹਾਰ ਹਨ।

गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस हमारे राष्ट्रीय पर्व हैं।

5. ਸਾਡੇ ਹਿਰਦੇ ਵਿੱਚ ਆਪਣੀ ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਲਈ ਪਿਆਰ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

हमारे हृदय में अपनी मातृभाषा के प्रति स्नेह होना चाहिए।

6. ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਸਰਾਭਾ ਨੇ ਉੱਨੀ ਸਾਲ ਦੀ ਛੋਟੀ ਉਮਰ ਵਿੱਚ ਦੇਸ਼ ਲਈ ਸ਼ਹੀਦੀ ਪਾਈ।

करतार सिंह सराभा ने उन्नीस साल की छोटी उम्र में देश के लिए कुर्बानी दी।

7. ਮਿਠਾਸ ਅਤੇ ਨਿਮਰਤਾ ਸਾਰੇ ਗੁਣਾਂ ਦਾ ਨਿਚੋੜ ਹੈ।

मिठास और नम्रता सारे गुणों का सार है।

8. ਵਿਗਿਆਨ ਦੇ ਖੇਤਰ ਵਿੱਚ ਲਗਾਤਾਰ ਵਾਧਾ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ।

विज्ञान के क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है।

9. ਅਖ਼ਬਾਰ ਦਾ ਸਾਡੇ ਜੀਵਨ ਵਿੱਚ ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਸਥਾਨ ਹੈ।

समाचार पत्र का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।

10. ਜਨਸੰਖਿਆ ਦੇ ਵਧਣ ਨਾਲ ਬੇਰੋਜਗਾਰੀ ਵੱਧ ਰਹੀ ਹੈ।

जनसंख्या के बढ़ने के साथ साथ बेरोज़गारी भी बढ़ रही है।

11. ਸਾਨੂੰ ਬਿਜਲੀ ਦੀ ਬੱਚਤ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

हमें बिजली की बचत करनी चाहिए।

12. ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਆਪਣਾ ਅੱਜ ਖਰਾਬ ਕਰੋਗੇ ਤਾਂ ਤੁਹਾਡਾ ਕੱਲ੍ਹ ਵੀ ਖਰਾਬ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ।

जब आप अपना आज ख़राब करोगे तो आपका कल भी ख़राब हो जाएगा।

13. ਜਨਤਕ ਸੰਪਤੀ ਦੀ ਰੱਖਿਆ ਕਰੋ ਅਤੇ ਹਿੰਸਾ ਤੋਂ ਦੂਰ ਰਹੋ।

सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करो और हिंसा से दूर रहो।

14.ਜਤਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੜ੍ਹਦਾ ਹੈ ਨਾਲੇ ਨੌਕਰੀ ਕਰਦਾ ਹੈ।

जितेन्द्र सिंह पढ़ रहा है और साथ में नौकरी भी कर रहा है।

15. ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਦੇਵ ਜੀ ਨੇ ਕਿਰਤ ਕਰਕੇ ਖਾਣ ਦੀ ਸਿੱਖਿਆ ਦਿੱਤੀ ਹੈ।

गुरु नानक देव जी ने मेहनत करके खाने की शिक्षा दी।

16. ਦੋਸਤਾਂ ਨਾਲ ਕਦੇ ਵੀ ਹੇਰਾਫੇਰੀ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ।

दोस्तों के साथ कभी भी हेराफेरी नहीं करनी चाहिए।

17. ਜੇਕਰ ਨੌਕਰੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਰਹੀ ਤਾਂ ਸ੍ਵੈ-ਰੁਜ਼ਗਾਰ ਦਾ ਰਸਤਾ ਅਪਨਾਓ।

अगर नौकरी नहीं मिल रही तो स्व-रोज़गार का रास्ता अपनाओ।

18. ਢੋਲ ਦੀ ਆਵਾਜ਼ ਸੁਣ ਕੇ ਅਸੀਂ ਘਰੋਂ ਬਾਹਰ ਆ ਗਏ।

ढोल की आवाज़ सुन कर हम घर से बाहर आ गए।

19. ਸਿਆਣਾ ਇਨਸਾਨ ਖਾਲੀ ਸਮੇਂ ਦਾ ਵੀ ਸਦੁਪਯੋਗ ਕਰਦਾ ਹੈ।

बुद्धिमान इन्सान खाली समय का भी सदुपयोग करता है।

20. ਘਰ ਵਾਂਗ ਸਕੂਲ ਵਿੱਚ ਵੀ ਸਫ਼ਾਈ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ।

घर की तरह स्कूल में भी सफाई बहुत आवश्यक है।

******************

# पाठ - 14 मुहावरे और लोकोक्तियाँ

1.' ऊँची दुकान फीका पकवान ' मुहावरे का प्रयोग किन परिस्थितियों में किया जाता है?

( क ) केवल ऊपरी दिखावा करने के लिए ( ख ) कुछ मीठा खाने के लिए

( ग ) दुकान पर जाने के लिए ( घ ) पकवान बनाने के लिए

2.' कमली ओढ़ने से कोई ....... नहीं होता '। रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

( क ) गरीब ( ख ) अमीर ( ग ) शौकीन ( घ ) फ़कीर

3. ' आम के आम गुठलियों के दाम ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) दोगुना लाभ होना ( ख ) बहुत सारे आम मिलना

( ग ) आम के दाम बढ़ जाना ( घ ) इनमें से कोई नही

4.' आँखों पर बिठाना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) सम्मान करना ( ख ) अपमान करना ( ग ) शिंगार करना ( घ ) इनमें से कोई नहीं

5.' आग बबूला होना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) आग जलाना ( ख ) आग बुझाना ( ग ) बहुत गुस्सा होना ( घ ) इनमें से कोई नहीं

6.' अंग - अंग मुस्काना ' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

( क ) बहुत दुखी होना ( ख ) बहुत थकावट होना ( ग ) बहुत खुश होना ( घ ) बहुत उदास होना

7. ' खिसियानी बिल्ली. . . . . . . . . . . . . . . . नोचे। ' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

( क ) वस्त्र ( ख ) पंख ( ग ) खंभा ( घ ) इनमें से कोई नहीं

8.' ख़्याली पुलाव बनाना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) कल्पना करते रहना ( ख ) चावल पकाना ( ग ) बातें करता रहना ( घ ) बहुत तेज़ दौड़ना

9.' चादर देखकर पैर पसारना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) ज़्यादा खर्च करना ( ख ) कम खर्च करना

( ग ) आमदनी के अनुसार खर्च करना ( घ ) बिल्कुल खर्च न करना

10.' कलेजे पर. . . . . . . लोटना। ' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

( क ) चींटी ( ख ) साँप ( ग ) चादर ( घ ) वस्त्र

11.' कलेजा ठंडा होना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) ठंडा पानी पीना ( ख ) बदला ले लेना ( ग ) संतोष हो जाना ( घ ) मर जाना

12.' ईश्वर की माया कहीं धूप कहीं छाया ' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

( क ) सब दिन एक समान नहीं होते ( ख ) ईश्वर सब जगह है

( ग ) धूप और छाया साथ साथ होतें है ( घ ) परमात्मा से कुछ छिपा नहीं

13.' एक बार भूले सो भूला कहाये , बार-बार भूले सो मूर्ख आनंद कहाये ' लोकोक्ति का प्रयोग किस परिस्थिति में किया जाता है ?

( क ) एक बार में न समझने वाले व्यक्ति के समझाने के लिए

( ख ) बार - बार झगड़ा करने वाले व्यक्ति समझाने के लिए

( ग ) जब कोई एक ही तरह की गलती बार बार करे उसे समझाने के लिए

( घ ) मूर्ख के समझाने के लिए

14.' आसमान टूट पड़ना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) बहुत बारिश होना ( ख ) भारी मुसीबत आना ( ग ) बहुत गर्मी होना ( घ ) बहुत सर्दी होना

15. ' ईद का ......होना। ' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

( क ) सूर्य ( ख ) त्योहार ( ग ) पकवान ( घ ) चाँद

16.' घड़ों पानी पड़ना ' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

( क ) बहुत बारिश होना ( ख ) बहुत शर्मिंदा होना ( ग ) बहुत गर्मी होना ( घ ) बहुत सर्दी होना

17.' एक अनार सौ बीमार ' लोकोक्ति का प्रयोग किस परस्थिति में किया जाता है ?

( क ) जब वस्तु थोड़ी हो और उसकी माँग ज़्यादा हो ( ख ) जब अनार बहुत ज़्यादा हों

( ग ) जब लोग ज़्यादा बीमार होने लगे ( घ ) इनमें से कोई नहीं

18.' कायापलट होना ' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

( क ) बिल्कुल बदल जाना ( ख ) वस्त्र बदलना ( ग ) जगह बदलना ( घ ) पलटकर वापिस आना

19.' ईमान बेचना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) कारोबार आरम्भ करना ( ख ) बेईमानी करना ( ग ) ईमानदार बने रहना ( घ ) चालाकी करना

20.' कलई खुलना ' मुहावरे का सही अर्थ है - रहस्य खुलना ।

( क ) ग़लत ( ख ) सही

21.' टका सा जवाब देना ' मुहावरे का सही अर्थ है - कोरा जवाब देना ।

( क ) सही ( ख ) ग़लत

22.' अक्ल के . . . . . . . . . दौड़ाना । ' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

( क ) दौड़ ( ख ) घोड़े ( ग ) हिरन ( घ ) पहिये

23. ' आँखें चुराना ' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

( क ) छिपना ( ख ) तेज़ चलना ( ग ) रुक जाना ( घ ) गुस्सा करना

24.' आग में ........डालना। ' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

( क ) पानी ( ख ) पैट्रोल ( ग ) मिट्टी ( घ ) रेत

25.' गिरगिट की तरह रंग बदलना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) चरित्रहीन व्यक्ति ( ख ) शांतिप्रिय व्यक्ति ( ग ) सिद्धांतहीन व्यक्ति ( घ ) सिद्धांतवादी व्यक्ति

**उत्तर कुंजी** :- 1.( क ), 2.( घ ), 3.( क ), 4. ( क ), 5. ( ग ), 6. ( ग ), 7.( ग ), 8. ( क ), 9. ( ग ), 10. ( ख ),11. ( ग ), 12. ( क ),13. ( ग ),14. ( ख ),15.( घ ),16. ( ख ), 17. ( क ),18. ( क ),19. ( ख ), 20.( ख ),21. ( क )22. ( ख ), 23. ( क ), 24. ( क ), 25. ( ग )